# पत्नी के हत्यारे पति को आजीवन कारावास

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** न्यायालय पंचम अपर सत्र न्यायाधीश नरसिंहपुर वैभव सक्सेना के न्यायालय द्वारा हत्या के आरोपी परषोत्तम चौधरी उम्र 32 वर्ष आत्मज ओमकार चौधरी निवासी लाठगांव (पिपरिया) थाना गोटेगांव जिला नरसिंहपुर को भारतीय न्याय संहिता की धारा 103(1) में दोषसिद्ध पाते हुये आजीवन कारावास एवं 1000 रुपये के अर्थदंड से दंडित किया गया है।

जिला अभियोजन के जिला मीडिया सेल प्रभारी ने बताया कि 23.11.2024 को पुलिस थाना गोटेगांव में ग्राम लाठगांव का ग्राम कोटवार द्वारा सूचना दी कि बस स्टेण्ड लाठगांव पर गांव के ओमकार चौधरी ने बताया कि उसका लड़का परषोत्तम चौधरी ने बहू सावित्री को जान से मारकर भाग गया है बहु सावित्री मृत अवस्था में अपने घर के दहलान में पड़ी है।

उसके बाद वह ओमकार व राजा चौधरी के साथ घर आकर देखे तो मृतिका सावित्री का शव मृत अवस्था में दहलान में पड़ा था। मृतिका सावित्री की लड़की रचना ने बताई कि मम्मी पापा की लड़ाई हो गई थी, पापा ने सब्बल से मम्मी को पेट सिर में मारा जिससे उसकी मम्मी जमीन पर गिर गई, फिर पापा ने मम्मी के सिर, माथे, चेहरे में कई बार सब्बल मारे तो उसकी मम्मी को चोट लगकर खून



निकलने लगा था तो वह रोते हुये घर से चली गई थी।

मृतिका सावित्री चौधरी को उसके पति परषोत्तम ने सब्बल से सिर माथा, चेहरा पर मारा जिससे गंभीर चोटें आकर खून निकला, जिससे सावित्री की मृत्यु हो गई है। उक्त सूचना पर थाना गोटेगांव में मर्ग एवं देहाती नालसी लेखबद्ध की गई। मर्ग जांच के दौरान घटना स्थल का निरीक्षण किया गया गवाहों के समक्ष घटनास्थल का नजरी नक्शा तैयार किया एवं आरोपी के मेमोरेण्डम कथन लिए जिसमें उसने बताया कि मुझे अपनी पत्नि सावित्री पर पहले से चरित्र पर शक था, इसके पहले भी कहीं चली गई थी।

रात में घर आई थी इसी बात को लेकर दोनों में झगड़ा हुआ जिससे मैंने पत्नि सावित्री को लोहे की सब्बल से पेट व सिर में मारा तो वह गिर गई फिर मैंने सब्बल से पत्नि सावित्री के चेहरा और सिर में कई बार मारा जिससे सावित्री मर गई। मामले की समस्त आवश्यक अनुसंधान कार्यवाही की जाकर विवेचना के दौरान थाना गोटेगांव में असल अपराध पंजीबद्ध कर मामले को न्यायालय में प्रस्तुत किया गया। न्यायालय में शासन की ओर से मामले की पैरवी सहायक निदेशक अभियोजन नरसिंहपुर रामकुमार पटेल के निर्देशन में सहायक जिला लोक अभियोजन अधिकारी इंद्रमणि गुप्ता द्वारा की गई।

## नाली जाम होने से घर में घुस रहा है बारिश का गंदा पानी

**परासिया, देशबन्धु।** नगर पालिका के वार्ड क्रमांक 21 मे रहने वाली विनीता श्रीवास्तव ने नाली जाम होने से बारिश का गंदा पानी घर में घुसने की शिकायत की है, जिसमें कहा गया है कि गंदा पानी टंकी में गिर रहा है, जिससे पीने का पानी दूषित हो रहा है। वार्ड पार्षद, नगर पालिका अध्यक्ष एवं सी.एम.ओ. तथा एस.डी.एम. एवं कलेक्टर को दी गई शिकायत में नाली की सफाई एवं जल निकासी की व्यवस्था बनाने की मांग की है। उन्होंने कहा है कि बारिश के पूर्व भी शिकायत की गई थी कि वर्षाकाल में नाली जाम होने की संभावना है और पानी की निकासी नहीं होगी लेकिन किसी ने ध्यान नहीं दिया अब परेशानी हो रही है।

# बरसात के मौसम में बढ़ जाती हैं सर्पदंश की घटनाएं

**गाडरवारा, देशबन्धु।** बारिश का मौसम आते ही जहरीले सांप, बिच्छू व कीड़े-मकोडों के काटने का खतरा बढ़ जाता है। ऐसी स्थिति में लोगों का जागरूक होना बहुत जरूरी है।

सांप, बिच्छू या जहरीले कीड़े के काटने पर पीड़ित का तत्काल उपचार करने से उसकी जान बचाई जा सकती है। वर्षा का पानी बिलों में भरने और बिलों के तापमान में होने वाले परिवर्तन के कारण सांपों को बिलों से बाहर निकलना पड़ता है। सुरक्षित स्थान और खाने की तलाश में सांप अकसर घरों या बाड़ियों में घुस जाते हैं और सर्पदंश की घटना होती है। सर्पदंश की स्थिति में तत्काल पीड़ित को एंटी स्नेक वेनम लगाया जाना आवश्यक है।

बताया जाता है की लगातार बढ़ रहे सर्पदंश के मामलों को देखते हुए जिला अस्पतालों, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों, सिविल अस्पतालों और प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों में एंटी स्नेक वेनम रखने की व्यवस्था की गई है। कई बार जहरीले सांप के काटने पर एक से डेढ़ घंटे के भीतर पीड़ित को इलाज नहीं मिलने से उसकी मौत हो जाती है। इसलिए पीड़ित को जितनी जल्दी हो सके निकट के स्वास्थ्य केन्द्र में इलाज के लिए लेकर जाना चाहिए।

डॉ. उमाशंकर दुबे ने बताया कि सभी सांप जहरीले नहीं होते हैं। अधिकांश मौतें सांप काटने के बाद घबराहट में हो जाती है। वर्तमान में जहरीले सांप के काटने पर भी इलाज मौजूद है। एंटी स्नेक वेनम इंजेक्शन देने से सांप के जहर को पीड़ित के शरीर से कम किया जा सकता है। स्वास्थ्य विभाग ने लोगों से अपील की है कि सर्पदंश की स्थिति में झाड़-फूंक या बैगा-गुनिया के चक्कर में न पड़ें और बिना देर किए अस्पताल में सीधे डॉक्टर से संपर्क करें।

ग्रामीण क्षेत्रों में सर्पदंश के मामले अधिक

सर्पदंश के ज्यादातर मामले वनांचलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों से आते हैं। अधिकांशतः ग्रामीण बारिश के मौसम में भी जमीन पर सोते हैं। इससे उनके सर्पदंश के शिकार होने की आशंका और अधिक बढ़ जाती है। स्वास्थ्य विभाग ने सर्पदंश से बचने के लिए ग्रामीणों को बारिश के मौसम में जमीन पर नहीं सोने और सर्प दंश की स्थिति में तत्काल नज़दीकी स्वास्थ्य केंद्र में उपचार लेने की सलाह दी है।

## सार-समाचार



### डॉक्टर्स डे पर चिकित्सक हुए सम्मानित

**गाडरवारा,देशबन्धु।** विगत दिवस लायंस क्लब शांकरी ने सेवा निवृत्त डॉक्टर डी. एस. चौधरी, के मुख्य आतिथ्य, डा. उपेंद्र वस्त्राकार डा. आशुतोष मेहता के विशिष्ट आतिथ्य व लायन मधुमती चौहान की अध्यक्षता में शासकीय चिकित्सालय में लगभग 25 डाक्टर्स का डाक्टर्स डे पर स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। लायंस क्लब के नए सत्र का शुभारंभ भगवान गणेश की पूजा अर्चना एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया गया । इस मौके पर लायन माया खजांची, उमेश पटेल, केआर सप्रे, एमएल आरसे, पीएस तिवारी ने सभी डाक्टर्स का सम्मान किया। लायन ममता पांडे सविता बड़कुर, मनजीत नागपाल, कामिनी निगम, सरोज नामदेव ने स्मृति चिन्ह भेंट किये। डॉक्टर डीएस चौधरी ने कहा की लायंस क्लब सदैव निःस्वार्थ सेवा करता है। डाक्टरों का जीवन भी सेवा पूर्ण होता है। डॉक्टर पंथी कोरी, पंकज धारवाणी, बबीता सिंह अभिवन जैन, अनामिका जैन, त्रिभुवन पटेल, शिप्रा कौरण को भी सम्मानित किया गया। मंच संचालन लायन कामिनी निगम एवं आभार लायंस क्लब के सचिव ब्रजेश पटेल ने किया।

### महिला महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम आयोजित



**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** 2 जुलाई को शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में दीक्षारंभ के द्वितीय दिवस में मुख्य अतिथि के रूप में डॉ. अधीकेश राय विभागाध्यक्ष वाणिज्य विभाग पी.एम. एक्सीलेंस पीजी कॉलेज नरसिंहपुर, महाविद्यालय की प्राचार्य श्रीमती कृष्णा शर्मा एवं प्रशासनिक अधिकारी डॉ यतीन्द्र महोबे मंच पर आसीन रहे। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन कर किया गया। डॉ धीरज झा विभाग अध्यक्ष मनोविज्ञान द्वारा समस्त शैक्षिक एवं गैर शैक्षणिक स्टाफ का परिचय नव-प्रवेशित छात्राओं से कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि डॉ अधीकेश राय द्वारा नव प्रवेशित छात्राओं को आशीर्वचन एवं प्रेरणादायक वक्तव्य प्रदान किया गया एवं उनको उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी। महाविद्यालय की प्राचार्य द्वारा छात्रों को गृह विज्ञान विषय की जानकारी प्रदान की गई तथा गृह विज्ञान के क्षेत्र में विभिन्न रोजगार के अवसरों एवं स्वरोजगार की जानकारी प्रदान की गई। इसी श्रृंखला में डॉ. यतीन्द्र महोबे विभागाध्यक्ष चित्रकला द्वारा चित्रकला विषय का परिचय देते हुए रोजगार के विभिन्न क्षेत्रों एवं आत्म निर्भर बने हेतु स्वरोजगार के अवसर की विस्तृत जानकारी दी गई। ग्रंथपाल सत्यव्रत गणनायक द्वारा महाविद्यालय के ग्रंथालय का परिचय दिया गया एवं ई लाइब्रेरी तथा रीडिंग रूम जैसी सुविधाओं की जानकारी प्रदान की गई। डॉ दीपिका चक्रवर्ती विभागाध्यक्ष राजनीति विज्ञान द्वारा संवेदीकरण एवं जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत संवैधानिक मौलिक कर्तव्यों, कार्य स्थल पर महिलाओं के यौन उत्पीड़न (रोकथाम, निषेध और निवारण) से संबंधित जानकारी प्रदान की गई। यदुनंदन शुक्ला द्वारा नव प्रवेश छात्राओं को शैक्षणिक विनियम और दिशा निर्देश तथा शासन द्वारा संचालित विभिन्न छात्रवृत्तियों आदि की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। कार्यक्रम के अंत में डॉ. यतीन्द्र महोबे द्वारा पाठ्योत्तर गतिविधियों का परिचय एवं प्रश्नोत्तर सत्र का संचालन किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम में मंच संचालन डॉ धीरज झा द्वारा किया गया। कार्यक्रम में एल.एन. रजक, डॉ नंदना शिल्पकार, श्रीमती सांची शर्मा, श्रीमती कुवंरबती भारती, सीमा भारती, पूरनलाल साहू, ममता सोनी, अभिषेक पटवा निर्मला अग्रवाल, पतिराम गौंड, निर्मला अग्रवाल एवं छात्राएं उपस्थित रही।

# ऑल इंडिया लीनेस क्लब डिस्ट्रिक्ट संपदा ने मनाया डॉक्टर्स डे

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** एक जुलाई अंतरराष्ट्रीय डॉक्टर्स डे के उपलक्ष में लाइनेज क्लब द्वारा हम क्लब अध्यक्ष दिनेश ज्योति तिवारी की अध्यक्षता में डॉक्टर्स डे मनाया गया एवं शहर के प्रमुख डॉक्टर्स जिनमें प्रमुख रूप से डॉक्टर संजीव चांदोरकर , डॉक्टर के के साहू , डॉ आलोक काशिव, डॉक्टर जी सी दुबे , डॉ आशीष उपाध्याय एवं डॉक्टर कार्तिक साहू का सम्मान पुष्पमाला मोमेंटो एवं शॉल से किया गया।



कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों को मनचासीन करने के उपरांत मां सरस्वती का पूजन वंदन किया गया इसके पश्चात अतिथियों का स्वागत डॉक्टर शंकर सहर्ष के द्वारा किया गया। सभी डॉक्टर ने अपने उद्बोधन में प्रमुख रूप से एक ही बात एक मत होकर रखी की आज की लाइफस्टाइल बीमारी की ओर ले जाने वाली है लोग यदि सजगता से अपनी दिनचर्या में एक्सरसाइज एवं उचित खानपान को प्रमुखता दें तो अपने आप को स्वस्थ रख सकते हैं। क्योंकि दिनचर्या अव्यवस्थित होने पर बीमारी बढ़ने के चांसेस 80 प्रतिशत तक हो जाते हैं। अध्यक्ष लीनेस ज्योति तिवारी ने अपने उद्बोधन में डॉक्टर्स को कार्यक्रम में आने के लिए धन्यवाद दिया। बी ओ डी मेंबर लीनेस संध्या कोठारी ने द्वारा डॉक्टर के द्वारा उत्कृष्ट कार्यों के किए जाने के लिए बहुत साधुवाद दिया गया। डॉक्टर स्वाति चंदोकर ने विशेष उपस्थिति देकर क्लब के सेवा कार्यों की भूरि भूरि प्रशंसा की। कार्यक्रम का संचालन लीनेस रचना त्रिवेदी एवं लीनेस नंदिता चौबे द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लीनेस ज्योति पचौरी, सुषमा तिवारी, सुमन शर्मा , कुसुम राजपूत ,बलजीत कौर ,ममता गुप्ता, नीता शर्मा, वत्सला त्रिवेदी, सुषमा मिश्रा,मनीषा टंडन,अंजना दुबे,दुर्गा राय की उपस्थिति रही।

## मुख्यमंत्री से की मुलाकात, पीड़ित परिवारों को न्याय दिलाने की माँग

**गाडरवारा, देशबन्धु।** विगत दिनों से हो रही नरसिंहपुर अस्पताल में दिन दहाड़े छात्रा की हत्या गाडरवारा श्री पैलेश में काम कर मजदूरों की करेंट लगने से मौत एवं काबरा मेमोरियल स्कूल में करंट लगने से छात्र की दर्दनाक मृत्यु की घटनाओं को लेकर आज प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव से भाजपा नेता पवन पटेल ने मुलाकात कर घटनाओं में दोषियों पर ठोस कार्रवाई नियम अनुसार करने की मांग की।



किसानों को पर्याप्त मात्रा में डीएपी खाद्य उपलब्ध कराने एवं नरसिंहपुर के ग्राम बिलगमा की आर आर एग्रो खंडसारी मिल फर्जी चतुर्भुज कंपनी द्वारा गन्ना उत्पादक किसानों का भुगतान विगत 2 सालों से लंबित है। उसे दिलवाने और विधि सम्मत कार्रवाई करने का आग्रह किया। निजी स्कूलों में निजी लेखको की पुस्तक एवं अनुचित शाला फीस के नाम पर अवैध वसूली की जा रही है। जिससे अभिभावकों में भारी रोष है। निजी स्कूलों पर भी नियम अनुसार कार्रवाई की मांग की गई है।

## सांदीपनि विद्यालय में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के तहत पौधरोपण

**गाडरवारा देशबन्धु।** सांदीपनि विद्यालय साईंखेड़ा में जुलाई माह के अंतर्गत पर्यावरण संरक्षण को समर्पित एक विशेष गतिविधि गत दिवस आयोजित की गई। विद्यालय के निर्माणाधीन भवन परिसर में एक पेड़ माँ के नाम अभियान के अंतर्गत विद्यार्थियों द्वारा वृक्षारोपण किया गया। यह अभियान विद्यालय के ईको क्लब के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ।विद्यालय के प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा एवं प्रधानपाठक सरदार सिंह राजपूत के नेतृत्व में कक्षा 8वीं के 30 विद्यार्थियों ने इस अभियान में भाग लिया। इस दौरान शिक्षक आकाश उपाध्याय एवं भवन के केअर टेकर त्यागी की विशेष उपस्थिति रही। सभी छात्रों ने अपनी माताओं के नाम एक-एक पौधा लगाकर पर्यावरण के प्रति प्रेम और कृतज्ञता का भाव व्यक्त किया। कार्यक्रम मे इको क्लब प्रभारी भानुप्रताप राजपूत ने छात्रों को वृक्षों के महत्व के बारे में जागरूक किया और कहा कि 卐एक पेड़ केवल ऑक्सीजन ही नहीं देता, वह जीवन की नींव है। जब हम इसे अपनी माँ के नाम लगाते हैं, तो यह भावनात्मक जुड़ाव हमारे दायित्व को और मजबूत करता है।

विद्यालय प्रबंधन द्वारा इस अभियान को आगे भी जारी रखने की योजना है ताकि हर छात्र पर्यावरण की रक्षा के प्रति सजग बने और प्रकृति से आत्मीय संबंध स्थापित कर सके।

# जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था पर जताया आक्रोश

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** राष्ट्रीय महिला जागृति मंच एवं सर्व ब्राह्मण महिला एकता परिषद की कार्यकारिणी मेंबर्स द्वारा अस्पताल परिसर में दिन दहाड़े एक बालिका की हत्या पर जिला प्रशासन, जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था और लोगों की मर चुकी संवेदनाओं पर प्रश्न चिन्ह लगाया।



जगत तारणी मंदिर में राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विवेक पांडे ने कहा कि लोगों की संवेदनाएं मर चुकी हैं, वहां उपस्थित जनता चाहती तो इस घटना को टाला जा सकता था इस तरह की घटनाओं के तह में जाने की ज्यादा जरूरत है कि यह क्यों हो रहा है ऐसी घटनाएं सवालिया निशान खड़े करती हैं परवरिश पर ,भटकती युवा पीढ़ी पर। आखिर कहां जाकर सब सही होगा। प्रदेश उपाध्यक्ष सुनंदा भट्ट ने कहा की ऐसी घटनाओं के बारे में आमजन का रवैया भी सही नहीं है, वहां उपस्थित जनता यदि त्वरित प्रतिक्रिया के तहत उस लड़के को पकड़ लेते तो शायद यह घटना ना होती। जिला अध्यक्ष ज्योति तिवारी ने रोष प्रकट किया, साथ ही जिला चिकित्सालय की सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवालिया निशान खड़े किए । पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष संध्या कोठारी ने कहा अस्पताल परिसर में उस वक्त हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे लड़का गेट से चाकू लेकर निकला लोगों ने देखा और उसको नजर अंदाज कर दिया हर वार्ड में घूमता लड़का वहां के वार्ड बॉय एवं डॉक्टर की नजरों में भी आया लेकिन उन लोगों ने भी इस पर ध्यान नहीं दिया, इस तरह की घटनाएं आए दिन शहर में हो रही हैं किंतु इस हत्याकांड ने शहर की सुरक्षा व्यवस्था को उजागर कर दिया है। सचिव नंदिता चौबे ने कहा कि लोग आगे आकर इस घटना पर विरोध या रोष प्रकट करने के बजाय इस बात की मंत्रणा कर रहे हैं की लड़की सही या गलत अब बात सही या गलत कि नहीं अपितु बच्चों की ,आम लोगों की सुरक्षा की बात है।

# स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में दीक्षारंभ कार्यक्रम का आयोजन

**नरसिंहपुर,देशबन्धु।** स्वामी विवेकानंद शासकीय महाविद्यालय में आज 2 जुलाई को नव प्रवेशित विद्यार्थियों के लिएदीक्षारम्भ कार्यक्रमका आयोजन भव्य रूप से किया गया। इस कार्यक्रम के अंतर्गत विद्यार्थियों को महाविद्यालय की संरचना नियम शैक्षणिक गतिविधियाँ परीक्षा प्रणाली तथा महाविद्यालय में उपलब्ध सुविधाओं की विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी विभागोंकृराजनीति विज्ञान, हिंदी, अंग्रेज़ी, इतिहास, अर्थशास्त्र, भूगोल, गणित, वाणिज्य, रसायन, प्राणीशास्त्र, वनस्पति शास्त्र, भौतिकी एवं कंप्यूटर साइंस द्वारा छात्र.छात्राओं का तिलक लगाकर स्वागत किया गया और विषय आधारित मार्गदर्शन प्रदान किया गया। दीक्षारम्भ का आयोजन प्राचार्य डॉण् आरण् बीण् सिंह के निर्देशन एवं डॉण् मनीष अग्रवाल के मार्गदर्शन में किया गया। इस अवसर पर महाविद्यालय की शिक्षकों की टीम ने विद्यार्थियों को राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 से अवगत कराया। नई शिक्षा नीति 2020 के नवीन पाठयक्रम के अंतर्गत विषय चयन संबंधी जानकारी दी गई। साथ ही विद्यार्थियों को कैरियर निर्माणए विषय चयन एवं कोर्स संरचना की जानकारी दी गई। कार्यक्रम के अंतर्गत छात्रों को आतंरिक मूल्यांकन पद्धति । परीक्षा मूल्यांकन प्रक्रियाए एवं अन्य शैक्षणिक निर्देशों की भी जानकारी दी गई। साथ हीए सभी छात्रों को महाविद्यालय के कोड ऑफ़ कंडक्ट से अवगत किया गया।



आम सूचना

वृहताकार सह. समिति मर्या . नरसिंहपुर की पुनर्गठन संबंधी कार्यवाही की जाना है । इस हेतु संस्था की विशेष आमसभा की तिथि 16.7.2025 नियत की गई है, 16जुलाई 25 को दोपहर 12 बजे संस्था की विशेष आमसभा संस्था कार्यालय में आयोजित है। इसके लिये सदस्यों को व्यक्तिगत रूप से डाक द्वारा सूचना दी जा रही है। सभी सदस्यों एवं संबंधितों से उक्त आम सभा में उपस्थित होने का निवेदन है। विस्तृत जानकारी संस्था कार्यालय में प्राप्त की जा सकती है।

प्रबंधक

वृहताकार सहकारी समिति मर्यादित नरसिंहपुर

## बोहानी स्टेशन पर सोमनाथ इंटरसिटी के स्टॉपेज की मांग




**गाडरवारा देशबंधु।** बोहानी रेल्वे स्टेशन पर त तेज गति की यात्री ट्रेनों के स्टापेज की मांग काफी लंबे समय से की जा रही है इसके लिए यात्रियों ने रेल मंत्री व डी आर एम को ई मेल द्वारा इंटरसिटी तथा सोमनाथ एक्सप्रेस के बोहानी स्टेशन पर रोके जाने की मांग करते हुए एक अभियान चलाया जा रहा है जिसमे बोहानी सहित आस पास के क्षेत्रवासियों द्वारा उक्त मांग का व्यापक रूप में समर्थन किया जा रहा है उन्होंने क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों से भी अपील की है कि बोहानी में इंटरसिटी और सोमनाथ एक्सप्रेस का स्टॉपेज कराया जाए।

मार्केट वॉच गाडरवारा

क्लासिफाईड विज्ञापन के लिए अनिल गुप्ता गाडरवारा से संपर्क करें। मोबाईल - 9424328221

सोसायटी फॉर अवेयरनेस एण्ड रूरल एडवांसमेंट, संबद्ध अध्ययन केन्द्र

अटल बिहारी वाजपेयी हिन्दी विश्वविद्यालय, भोपाल

Sara Group of Institutions

पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- प्राथमिक चिकित्सा उपचार
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा
- फैशन डिजायनिंग
- संगणक अनुप्रयोग डीसीए

प्रवेश प्रारंभ

एसआर एन्क्लेव, जमाड़ा रोड, महाराणा प्रताप वार्ड, गाडरवारा जिला-नरसिंहपुर, फोन-8989167883

स्नातकोत्तर पत्रोपाधि पाठ्यक्रम
- आधारभूत स्वास्थ्य संरक्षण
- आहार एवं जनस्वास्थ्य पोषण
- सायबर कानून
- जर्नलिज्म एवं मास कम्यूनिकेशन
- संगणक अनुप्रयोग पीजीडीसीए